प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 03.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश के डेयरी क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों में 70 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया का सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला क्षेत्र है। उन्होंने आज रोहतक आईएमटी में साबर डेयरी के नवनिर्मित संयंत्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दूध की खरीद प्रतिदिन 660 लाख लीटर है और सरकार का लक्ष्य 2028–29 तक प्रतिदिन दूध की खरीद को बढ़ाकर एक हज़ार लाख मीट्रिक टन करना है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली से 62 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न युवा–केंद्रित पहलों का अनावरण करेंगे। युवाओं के कौशल विकास की एक ऐतिहासिक पहल के तहत, प्रधानमंत्री देश भर के एक हज़ार सरकारी आईटीआई संस्थानों के उन्नयन हेतु पीएम–सेतु का शुभारंभ करेंगे।

****

सरकार ने वस्त्र उद्योग के लिए उत्पादकता–आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत नए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक बढ़ा दी है। वस्त्र मंत्रालय ने कहा कि इस निर्णय से संभावित निवेशकों को योजना में भाग लेने और लाभ उठाने का एक और अवसर मिलेगा। इच्छुक आवेदक मंत्रालय के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपने प्रस्ताव जमा कर सकते हैं।

****

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर को एक ऐसे संघर्ष के रूप में याद किया जाएगा जिसमें तेजी और सटीकता के साथ निर्धारित लक्ष्य हासिल किए गए और पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा। आगामी आठ अक्टूबर को 93वें वायु सेना दिवस समारोह के संबंध में आज नई दिल्ली में वार्षिक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान में कई ठिकानों पर हमला किया और ऑपरेशन के दौरान चार से पांच पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों को भी नष्ट कर दिया।

****

भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को झारखंड राज्य का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने यह नियुक्ति की है। श्री साहू पूर्व सांसद रवींद्र कुमार रे का स्थान लेंगे, जिन्हें पिछले वर्ष अक्टूबर में यह पदभार सौंपा गया था।

****

साहिबगंज में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन से पूर्व जिला और पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च किया तथा ड्रोन कैमरे से रूट और आसपास के इलाकों की जांच की। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त

करते हुए एसडीओ, एसडीपीओ समेत जैप 9, जिला बल, होमगार्ड और चौकीदारों को तैनात किया है।

****

बोकारो जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए उपायुक्त ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ नशा मुक्ति अभियान को चलाने का निर्देश दिया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

साहिबगंज में विजयादशमी के दिन मिर्जाचौकी स्टेशन पर मालदा–किउल इंटरसिटी ट्रेन की चेकिंग में आरपीएफ ने दो नाली बंदूक और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए। बरामदगी के समय आरपीएफ जवान हेमंत कुमार, सरोज कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

****

मौसम केंद्र ने अगले 3 घंटे के अंदर पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां जिले के कुछ हिस्सों में वज्रपात और तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी दी है। हवाओं की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है। मौसम विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने, सुरक्षित स्थान पर रहने और खेतों में काम कर रहे किसानों को सतर्क रहने की अपील की है।

********समाप्त*********